मैया जी तेरा जय जयकारा

मैया तेरे प्यार में तेरे इंतज़ार में,
ऐसा मेरा हाल कर दिया,
जहाँ जहाँ जाऊं जाके सर को झुकाऊं,
बस गूंजे सुबह शाम,
जय जयकारा मैया जी तेरा जय जयकारा....

तूने तो मैया बुलाया नहीं,
फिर ये ना कहना के मैं आया नहीं,
आऊं तो आऊं कैसे बता, तेरा बुलावा आया नहीं,
तेरे दर जाऊं तो मैं तुझको सुनाऊँ,
मैया तेरे पावन धाम का,
जय जयकारा मैया जी तेरा जय जयकारा.....

मैया ज़रा सुनले अर्ज़ी मेरी,
माने या ना माने मर्ज़ी तेरी,
अपने चरण की धूल बना ले,
बगिया का अपने फूल बना ले,
गुण गुण गाऊं, मैं तो ये ही धुन गाऊं,
लेके इकतारा तेरे नाम का,
जय जयकारा मैया जी तेरा जय जयकारा.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26839/title/mayia-ji-tera-jai-jaikara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |